## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. मनु भाकर निशानेबाजी प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
2. झारखंड विधानसभा के मानसूत्र सत्र का आज दूसरा दिन, सदन में पेश होगा चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट।
3. पाकुड़ में आदिवासी छात्रावास में लाठीचार्ज पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव, डीजीपी, जिले के डीसी और एसपी से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज।
5. सावन की दूसरी सोमवारी पर देवघर के बाबामंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलार्पण के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़।

****************

निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक दिलाया। निशानेबाजी में भारत को 12 साल बाद पदक मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनु भाकर को ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने पर बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि मनु भाकर पर देश को गर्व है। उनकी यह जीत बहुत से खिलाड़ियों विशेषकर युवा महिलाओं को प्रेरित करेगी। उन्होंने भविष्य में मनु भाकर को नई ऊंचाइयां छूने की शुभकामना दी। उप–राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी उपलब्धि से ऐसी अनगिनत लडकियां प्रेरित होंगीं जो ओलंपिक में पदक जीतना चाहती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनु भाकर से फोन पर बात कर उन्हें बधाई दी।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कल श्रोताओं से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को हर घर तिरंगा. डॉट कॉम पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया।

****************

सर्वोच्च न्यायालय अपनी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज से विशेष लोक अदालत सप्ताह आयोजित कर रहा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में न्यायमूर्ति के.वी विश्वनाथन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न्यायालय के समक्ष लंबित पडे मामलों को निपटाना है। उन्होंने लोगों से लोक अदालत या जन अदालत का लाभ उठाने की अपील की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि यह पहल विवादों को स्वेच्छा और परस्पर सहमति से निपटाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतें न्याय पाने का एक कुशल और सुलभ साधन है।

****************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन आज वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव सदन में चालू वित्तीय वर्श का पहला अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सदन में आज घुसपैठ समेत विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर पक्ष– विपक्ष में टकराव के आसार है। मानसून सत्र 2 अगस्त तक चलेगा।

****************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी – एनटीए ने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा –सीयूईटी (यूजी) 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है। यह प्रवेश परीक्षा 14 लाख 99 हजार से अधिक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए करायी गई थी। यह परीक्षा 15 मई से 29 मई के बीच आयोजित की गई थीं। अभ्यर्थियों को और जानकारी के लिए संबंधित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के संपर्क में रहने को कहा गया है।

****************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ मनायेगा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र

प्रधान भारतीय भाषाओं के लिए विशेष टेलिविजन चैनल सहित शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन भी करेंगे।

****************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने पाकुड़ के आदिवासी हॉस्टल में पुलिस और छात्रों के बीच झड़प मामले पर संज्ञान लिया है। आयोग ने नोटिस भेजकर राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ पाकुड़ के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से तीन दिनों में जवाब मांगा है।

****************

पाकुड़ के कुमार कालिदास मेमोरियल कॉलेज के आदिवासी कल्याण छात्रावास के छात्रों की पिटाई मामले में कार्रवाई हुई है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने नगर थाना के थानेदार सह पुलिस निरीक्षक अनूप रौशन भेंगरा और पुलिस अवर निरीक्षक नागेंद्र कुमार को कल देर रात लाइन हाजिर किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस रिलीज के मुताबिक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन पर दोनों पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गयी है।

****************

मनी लॉन्ड्रिंग केस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। ईडी ने 8 जुलाई को यह याचिका दायर की थी, जो जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

****************

सावन की दूसरी सोमवारी पर आज देवघर के बाबा मंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलार्पण के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि चार बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया। कांवरियों की कतार रात से ही सुबह नंदन पहाड़ रिंग रोड तक पहुँच गयी थी। सभी कांवरिया कतारबद्ध हो निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही रूट लाईन के हर प्वाइंट पर श्रद्धालुओं के सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किये गये हैं। कांवरियों को बाबा मंदिर के गर्भ गृह में लगे अर्घा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

****************

साहिबगंज जिले के बच्चों की खेल प्रतिभा को और निखारने के लिए स्पोट बैंक खोला जा रहा है। डीएमएफटी फंड से अधिष्ठापित होने वाले इन स्पोर्टस बैंकों में खेल के सभी सामान मौजूद रहेंगे।

****************

## और अब अखबारों की सुर्खिया

पेरिस ओलंपिक में भारत का पहला पदक,शूटिंग स्पर्धा में मनु भाकर ने जीता कांस्य, इस खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है – पहला मेडल मुबारक हो... ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतनेवाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं मनु भाकर।

हिन्दुस्तान लिखता है– चालू वित्त वर्ष का पहला अनुपूरक बजट आज।

मनु ने दी मनभर खुशी शीर्शक के साथ दैनिक भास्कर ने इस खबर को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है।

दैनिक जागरण लिखता है– हेमंत सोरेन की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई आज।

दिल्ली में कोचिंग हादसे की खबर को अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से लिया है।

************************